जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

17 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

38वें एआईयू अंतर-विश्वविद्यालय उत्तर-पश्चिम क्षेत्र युवा महोत्सव क्विज प्रतियोगिता में जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया

नई दिल्ली: जामिया मिल्लिया इस्लामिया को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उसकी क्विज टीम ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा आयोजित 38वें एआईयू अंतर-विश्वविद्यालय उत्तर-पश्चिम क्षेत्र युवा महोत्सव (यूनिफेस्ट) के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया है। यह कार्यक्रम हरियाणा के हिसार में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दिनाँक 8 से 12 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया गया था जिसमें उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के 22 प्रमुख विश्वविद्यालयों ने प्रतिभागिता की थी ।

विश्वविद्यालय के क्विज क्लब की क्विज टीम का प्रतिनिधित्व बीए प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र यासिर अब्दुल्ला, बीए राजनीति विज्ञान के प्रथम वर्ष के छात्र अभिज्ञान शांडिल्य और एमए इंटरनेशनल एंड एरिया स्टडीज प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र मुहम्मद अनस वीपी ने किया।

कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ और डीन-छात्र कल्याण, प्रो. नीलोफर अफ़ज़ल से टीम को मिलने का अवसर मिला जिन्होंने टीम को उसकी उपलब्धि हेतु बधाई दी और टीम के भावी प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया क्विज़ टीम के असाधारण प्रदर्शन ने उन्हें उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में दूसरी सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक टीम होने का गौरव प्रदान किया है। यह उपलब्धि उन्हें आगामी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में जामिया मिल्लिया इस्लामिया और उत्तर-पश्चिम क्षेत्र दोनों का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बनाती है जो अगले महीने नोएडा के एमिटी विश्वविद्यालय में होने वाला है। उल्लेखनीय रूप से यह छठा अवसर है जब जामिया मिल्लिया इस्लामिया की क्विज़ टीम राष्ट्रीय फाइनल में आगे बढ़ी है जो उनकी अटूट प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता और क्विज़ मेंटर प्रो. मोहम्मद कमालुन नबी द्वारा प्रदान की गई सलाह को उजागर करता है। टीम मैनेजर पुष्कर कुमार धनौलिया भी टीम के साथ थे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया